Annex – 'B'

पत्रांक –10/म 4–16/2000 मा0........./
बिहार सरकार
मानव संसाधन विकास विभाग
बिहार, पटना

प्रेषक,

शिव प्रसाद,
सरकार के संयुक्त सचिव,
मानव संसाधन विकास विभाग

सेवा में,

श्री अशोक गांगुली,
अध्यक्ष,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेन्टर,
नई दिल्ली–110092

पटना, दिनांक 7.7.06

**विषय:– जी0 डी0 एस0 एकेडमी, मेन रोड रक्सौल को अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 238 दिनांक 03.04.2006 के आलोक में विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजात की समीक्षा की गयी, जिसके अनुसार स्थिति निम्नवत् है :–

1. विद्यालय का संचालन सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत निबंधित सोसाइटी "जी0डी0एस0 एडूकेशनल सोसाइटी" के द्वारा किया जा रहा है । यह सूचना भी दी गयी है कि सोसाइटी में किसी एक व्यक्ति अथवा परिवार का प्रभुत्व नही है । सोसाईटी के सदस्यों की सूची दी गयी है । जिनमें अधिकांश का पेशा सामाजिक सेवा अथवा मात्र सेवा अंकित है। सामाजिक सेवा अथवा सेवा सामान्य जिनसे पेशा के सन्दर्भ में वास्तविक स्थिति स्पष्ट नही होती है । विभागीय अधिसूचना के अनुसार सोसाईटी के सदस्यो के पेशा की सही सही जानकारी आवश्यक है । (सूची संलग्न)
2. विद्यालय ने किसी निबंधित सोसाईटी/न्यास के फेन्चाईजी का उपयोग तथा किसी अन्य विद्यालय के brand name का उपयोग नही करने का भी दावा किया है ।
3. आवेदक के अनुसार विद्यालय भवन उसकी अपनी भूमि पर निर्मित है । भवन एवं अन्य सुविधा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के क के अनुरूप बताया गया है । बोर्ड को अपने एजेन्सी से स्थल निरीक्षण कराकर विद्यालय के द्वारा दी गयी सूचना को सम्पुष्ट करा लेना होगा ।
4. विद्यालय में 13 शिक्षक है, जिनमें एक ही प्रशिक्षित है । आवेदन में यह बताया गया है कि शिक्षको की नियुक्ति विज्ञापन के माध्यम से किया जाता है । लेकिन ऐसा कोई साक्ष्य उपस्थापित नही किया गया है जिससे यह स्पष्ट हो कि शिक्षको की नियुक्ति में विहित प्रकिया का पालन करते हुए समुचित पारदर्शिता अपनायी गयी हो ।
5. विद्यालय के द्वारा हिन्दी विषय पढ़ाये जाने का दावा किया गया है ।
6. विद्यालय द्वारा निर्धारित ट्यूशन शुल्कों, अन्य प्रकार के शुल्क, वार्षिक लेखा, अंकेक्षण आदि को सार्वजनिक करने की सहमति दी गयी है । आवेदन के साथ दो वर्षो के लेखा का अंकेक्षण की रिपोर्ट एवं शुल्क की दर समर्पित की गयी है । केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड इसकी समीक्षा कर आश्वस्त होना चाहेगा कि शुल्को की दर उचित है ।
7. विद्यालय के द्वारा लिखित रूप से सहमति दी गई है कि उसे विभागीय अधिसूचना सख्या 238 दि0 03.04.2006 में उल्लेखित अपेक्षित शर्तें स्वीकार है । अपेक्षित शर्तों के अनुसार :–
   1. विद्यालय में क्षमता का 25% नामांकन पड़ोस में निवास करने वाले परिवार के बच्चो का

Principal
G.D.S. ACADEMY 10+2
Aff. to C.B.S.E. -330201
SCHOOL No.-65196
Raxaul-845305

President
GDS Educational Society
Raxaul

जायेगा । ऐसे बच्चों की श्रेणी में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग बालिकाएँ तथा सामान्य श्रेणी के परिवार जिनकी आय अधिकतम 60,000/- रूपये प्रतिवर्ष होगें।

(ii) विद्यालय में नर्सरी/के०जी० अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नही लिया जायेगा । अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा ।

(iii) नर्सरी/के०जी० तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलोमीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा में नामांकन हेतु अधिकतम दूरी 3 किलोमीटर तक रहेगी ।

(iv) जिन बच्चों का नामांकन नही होता है उनसे ली गई आवेदन शुल्क की राशि का 80% राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी ।

8. विद्यालय का निरीक्षण विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा नहीं किया गया है । केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली अपने स्तर से जाँच कर यह सुनिश्चित हो ले कि विद्यालय उनके निर्धारित मापदण्ड के आधार पर संचालित है ।

9. साथ ही बोर्ड को यह सुनिश्चित करना होगा कि संबंधित विद्यालयों के द्वारा अपनी सहमति के अनुसार अनिवार्य एवं आपेक्षित शर्तों का अनुपालन किया जा रहा है । स्कूल को यह शर्तें सार्वजनिक करनी होंगी तथा इनका उल्लेख प्रोस्पेक्टस एवं वेबसाइट में करना होगा ।

10. शर्तों के उल्लंघन की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा संबंधन रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी ।

11. उपरोक्त तथ्यों के आलोक में जी० डी० एस० एकेडमी, मेन रोड रक्सौल को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति दी जाती है ।

12. विद्यालय के द्वारा दिनांक 24.04.2006 की छायाप्रति संलग्न है ।

अनुलग्नक -

विश्वासभाजन

ह०/-
(शिव प्रसाद)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक - 461

पटना, दिनांक- 7.7.06

प्रतिलिपि - प्राचार्य, जी० डी० एस० एकेडमी, मेन रोड रक्सौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

(शिव प्रसाद) 12.7.06
सरकार के संयुक्त सचिव

President
GDS Educational Society
Raxaul

Principal
G.D.S ACADEMY